स०स०–1/कोर्ट–36/2025–

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

प्रेषक,

**दिनेश कुमार झा,**
सरकार के संयुक्त सचिव।

सेवा में,

**प्राचार्य,**
बुद्धा इन्स्टीच्यूट ऑफ डेटल साईंसेज एण्ड हॉस्पीटल,
कंकडबाग, पटना,
मिथिला मायनोरिटी ऑफ डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, दरभंगा,
सरजुग डेंटल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, दरभंगा।

पटना, दिनांक– / /2025

विषय– **विभागीय आदेश ज्ञापांक–747(1), दिनांक–30.07.2025 द्वारा स्थानान्तरित छात्र/छात्राओं के नामांकन के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबध में कहना है कि माननीय उच्च न्यायालय, पटना में दायर एल0पी0ए0 सं0–449/2025 बिहार राज्य एवं अन्य बनाम् प्रमोद कुमार एव अन्य तथा समरूप अन्य वादों में माननीय न्यायालय द्वारा पारित आदेश के आलोक में विभागीय आदेश ज्ञापांक–747(1), दिनांक–30.07.2025 के द्वारा डॉ0 बी0आर0 अम्बेदकर इन्स्टीच्यूट ऑफ डेंटल साईसेज एवं हॉस्पीटल, पटना में अध्ययनरत् छात्रों को शैक्षणिक सत्रवार आपके संस्थानों में स्थानान्तरित किया गया है।

2– छात्रों द्वारा आपके सस्थान मे नामाकन लेने के दौरान आने वाली समस्याओं के संबंध में विभाग में अभ्यावेदन समर्पित किया गया है।

3– उक्त अभ्यावेदन के आलोक में निदेशानुसार विभागीय आदेश ज्ञापांक–747(1), दिनांक–30.07.2025 के द्वारा आपके सस्थानों में शैक्षणिक सत्रवार छात्र/छात्राओं का नामांकन लेने हेतु निम्नांकित दिशा–निर्देश दिया जाता है–

(i) स्थानान्तरित सभी छात्रों का नामांकन अविलम्ब (अधिकतम एक सप्ताह के अन्दर) लेना सुनिश्चित किया जाए।

(ii) इन छात्रो के शिक्षण शुल्क निर्धारण हेतु प्रस्ताव शिक्षण शुल्क निर्धारित समिति को भेजा जाए।

(iii) छात्रो द्वारा जिस वर्ष का शिक्षण शुल्क पूर्ववर्त्ती सस्थान द्वारा लिया गया है। उस वर्ष का शुल्क तत्काल नहीं लिया जाए तथा इस हेतु भी प्रस्ताव शिक्षण शुल्क निर्धारण समिति को भेजा जाए।

4– उक्त निदेशों का अनुपालन दृढतापूर्वक करना सुनिश्चित किया जाए।

विश्वासभाजन

ह0/–

**(दिनेश कुमार झा)**
सरकार के सयुक्त सचिव

क्रमश

ज्ञापांक–1 / कोर्ट–36 / 2025– / स्वा0, पटना, दिनांक– / /2025

**प्रतिलिपिः–** विशेष कार्य पदाधिकरी–सह–प्रभारी पदाधिकारी, शिक्षण शुल्क निर्धारिण समिति, तृतीय तल, राज्य स्वास्थ्य समिति परिसर, परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना–800014 को सूचनार्थ एव आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपिः–** सभी पूर्ववर्त्ती छात्र, डॉ0 बी0आर0 अम्बेदकर इन्स्टीच्यूट ऑफ डेंटल साईंसेज एव हॉस्पीटल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/–
सरकार के संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–1 / कोर्ट–36 / 2025–906(1) / स्वा0, पटना, दिनांक–03 / 9 /2025

**प्रतिलिपिः–** आई0टी0 मैनेजर/प्रोग्रामर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

3/9/25
सरकार के संयुक्त सचिव